हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# किसानों के हित में अतिरिक्त दो दिवस, आज और कल होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। इसी तारतम्य में जिले में 5 और 6 फरवरी को किसानों के धान खरीदे जाएंगे। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिवस 05 एवं 06 फरवरी 2026 तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे। ऐसे किसान, जिनके द्वारा टोकन हेतु आवेदन किया गया, किंतु धान का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान, जिन्होंने टोकन हेतु आवेदन किया तथा सत्यापन उपरांत उनके पास धान पाया गया है, तथा जिनका टोकन नहीं कटा। ऐसे किसान जिन्हें 28, 29, 30 जनवरी 2026 के लिए टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे।

कलेक्टर विनय लंगेह ने खाद्य विभाग की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन तीनों प्रकार के किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

इसके अलावा सभी नोडल अधिकारियों, उड़न दस्ता दलों को 5 फरवरी और 6 फरवरी को फील्ड में रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशानुरूप इन तीनों प्रकार के किसानों का धान खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा।

## कलेक्टर लंगेह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिए निर्देश

### धान खरीदी में आ रही समस्याओं से सांसद को अवगत कराया गया




भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर द्वारा सांसद रूप कुमारी चौधरी को धान खरीदी में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर सांसद ने तत्काल संज्ञान लेकर जिला कलेक्टर से जानकारी लेने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री से उक्त समस्या के बारे में चर्चा की। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार ने किसानों के समस्या का निराकरण करते हुए धान खरीदी 5 और 6 फरवरी को खरीदी किए जाने का निर्णय लिया गया।

### धान खरीदी तिथि बढ़ाकर सरकार ने दी संवेदनशीलता का परिचयः देवेंद्र



भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में इस वर्ष धान खरीदी हेतु जिले में 1,60,118 किसान पंजीकृत थे, जिनमें से 1,48,418 किसान (92.69 प्रतिशत) ने खरीदी अवधि के दौरान अपना धान विक्रय किया। इनमें से लगभग 12 हजार किसान किसी कारणवश जिले में धान नहीं बेच पाए थे। जिसके लिए सांसद रुपकुमारी चौधरी, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने शासन का ध्यानाकृष्ट कराया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेल कला में मारपीट के एक मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सिरजौतिन बारले ने बताया कि 2 फरवरी की शाम करीबन 07 बजे वह अपने घर में थी, तभी गांव का महाजन सोनवानी उसके घर के सामने आकर नाती हर्षवर्धन को बाहर निकलने कह रहा था। साथ ही सायकल को नुकसान पहुंचाने का बात कहकर गाली गलौज कर रहा था। जब उसके नाती हर्षवर्धन ने मना किया तब आरोपी ने महाजन सोनवानी डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### नकाबपोशों ने स्कूटी सवार के साथ मारपीट की

**महासमुंद।** अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से चिखली से गढ़सिवनी आ रहे एक व्यक्ति के साथ चार नकाबपोश लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की मामले में तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 जनवरी को रामदास पाटिल अपने डेढ़ साला महेश कुमार गेंड्रे और उसकी पत्नी संगीता के साथ स्कूटी से ग्राम चिखली से वापस ग्राम गढ़सिवनी आ रहा था। रात्रि करीब 08 बजे ग्राम जोबा से गढ़सिवनी रोड नहर नाली के पास पहुंचने पर पीछे से दो मोटर सायकल में 04 अज्ञात व्यक्ति आये और स्कूटी को पैर से धक्का दे दिया, तभी नकाब बांधे चारों अज्ञात व्यक्ति स्कूटी को रोक कर लोहे के राड से प्रार्थी एवं महेश कुमार गेंड्रे के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट से प्रार्थी के बाएं हाथ की कलाई व माथे में चोंट लगा है। वहीं महेश कुमार गेंड्रे के बांए पैर में चोट लगी। प्रार्थी इलाज कराकर वापस आने के बाद मामले की तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 118(2), 127(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## क्राइम : बागबाहरा और कोमाखान पुलिस ने 17 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया

# गांजा तस्करी के दो मामलों में एक महिला समेत पांच लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स रख रही सोर्स व इंड प्वाइंट पर नजर

जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी के दो मामलों में एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के साथ बागबाहरा व कोमाखान पुलिस ने की है। आरोपियों के कब्जे से 17 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई के तहत जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दरमियान पुलिस को सूचना मिली कि तीन लोग नीले रंग के एक्सेस स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एक्सबी 0490 में सवार ओडिशा राज्य की ओर से गांजा लेकर जा रहे है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अनिश डागौर पिता हरिप्रसाद डागौर (26 साल) निवासी महाऋषि अरविंद वार्ड थाना बेलबाग जिला जबलपुर(मध्यप्रदेश), निहाल पिता मोहम्मद अनवाल (28 साल), निवासी महाऋषि अरविंद वार्ड थाना बेलबाग जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश), हिमांशु बेन पिता रामचरण बेल (24 साल) निवासी महाऋषि अरविंद वार्ड थाना बेलबाग जिला जबलपुर(मध्यप्रदेश) होना बताया। आरोपियों की तलाशी के दौरान 5.265 किलो ग्राम गांजा कीमत 263250 रुपये एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहन एक एक्सेस स्कूटी कीमत 90,000 रुपये तथा चार नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन 20,500 रुपए एवं नगदी रकम 5400 रुपए कुल 3 लाख 79 हजार 150 रुपए को जब्त कर बागबाहरा थाने में धारा 20बी व धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




गांजा तस्करी के दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि एक ग्रे कलर की स्कूटी क्र सीजी 07 सीएल 2661 में एक पुरूष एक महिला सवार होकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने उक्त संदेहियों को रोका और पूछताछ की। जिस पर स्कूटी चालक ने अपना नाम राजेश कुमार चौहान पिता ढालसिंह चौहान (31 साल) राजीव नगर वार्ड नं 19 सुपेला थाना सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छग एवं स्कूटी के पीछे बैठी महिला ने अपना नाम राजकुमारी बंजारे पति स्व फुलचंद बंजारे (33 साल) न्यू कृष्णा नगर वार्ड नं 08 सुपेला थाना सुपेला भिलाई जिला दुर्ग होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 12 किलोग्राम गांजा कीमत 6,00,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कोसरंगी में हुई घटना, पकड़े गए आरोपी सगे भाई

ग्राम कोसरंगी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले आरोपियों की विरूद्ध एफआईआर के बाद जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को कोसरंगी के कृषलाल साहू ने थाने आकर सूचित किया कि उसके चाचा का लड़का वाकेश साहू पिता भरत साहू 3 फरवरी की रात खाना खाकर टहलने निकला था, लेकिन वह रात में वापस नहीं आया और 4 जनवरी की सुबह पता चला कि वाकेश साहू का शव गांव के नकुल साहू के घर के सामने पड़ा हुआ है, जिसके सिर में गंभीर चोंट है, खून निकला हुआ था। साथ ही आसपास खून लगे ईंट के टुकडे.दिखाई दे रहे हैं। प्रार्थी ने घटना क संबंध में पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही नकुल साहू पिता केशव साहू पर इस घटना के लिये संदेह व्यक्त करते हुए थाना महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान संदेही आरोपी नकुल साहू से पूछताछ की गई। साथ ही घटना के विभिन्न पहलुओं एवं पुरानी रंजिश को लेकर जांच की जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी नकुल साहू पिता केशव साहू (33 साल) एवं निर्मल साहू पिता केशव साहू (19 साल) को गिरफ्तार कर धारा 103(1) बीएनएस दर्ज किया गया है।

## मीत ब्रदर्स की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ सिरपुर महोत्सव का भव्य समापन

**महासमुंद।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य एवं यादगार समापन प्रसिद्ध म्यूजिक डायरेक्टर एवं बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर मीत ब्रदर्स, मुंबई की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। अंतिम दिवस की रात्रि मीत ब्रदर्स मनमीत सिंह-हरमीत सिंह एवं खुशबू ग्रेवाल ने अपने सुपरहिट और भावनात्मक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बेबी डॉल, चिट्टियां कलाइयां, मैं तेरा बॉयफ्रेंड", "आ तो सही", जैसे लोकप्रिय गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। उनकी सुमधुर आवाज़ और ऊर्जावान प्रस्तुति ने समापन समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। मीत ब्रदर्स की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह और उल्लास देखने को मिला। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने संगीत की इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लिया। इससे पूर्व दोपहर 2 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन हुआ। कुमारी आसना द्वारा भावपूर्ण कत्थक, आंचल पांडेय की मनमोहक ओडिसी प्रस्तुति, बिहान लोक कला मंच द्वारा ऊर्जावान पंथी नृत्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा पारंपरिक बस्तरिहा नृत्य, नानगांव बोहधन एवं साध्वी सेवा मगरपाली द्वारा प्रस्तुत डंडा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोक कला मंच कन्हारपुरी की सोलह सिंगार प्रस्तुति, किशोर हंपीहोली का प्रभावशाली प्रदर्शन, स्वर संगम सांस्कृतिक मंच नागपुर द्वारा प्रस्तुत आम्रपाली नृत्य नाटक तथा सावित्री कहार लोक कला मंच रायपुर की लोक साधना प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। लोक साधना एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का सफल और भव्य समापन हुआ।




## एक साथ आठ जंगली सुअरों के शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगारपाली प्लांटेशन के कक्ष क्रमांक 212 एवं उसके आसपास के वन क्षेत्र में एक साथ 8 से अधिक जंगली सूअरों के मृत शव पाए जाने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मौके के निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि मृत सुअरों को दफनाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था। प्रथम दृष्टया पूरा मामला जहर खुरानी के जरिए किए गए अवैध शिकार का प्रतीत हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जम्हर के जंगल में लाखों रुपये की सागौन पेड़ कटाई की जांच अभी पूरी भी नहीं हो पाई है, इसी बीच वन्य प्राणी शिकार का यह गंभीर मामला सामने आया है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली और वन सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरते की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र के कई गांवों से सटे जंगलों में जंगली सुअरों के शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार, पानी भरे गड्ढों में जहर मिलाने जैसे गतिविधियां शिकारियों द्वारा लंबे समय से किया जाता रहा है। सामान्यतः इन तरीकों में एक-दो सुअर ही शिकार बनते हैं, लेकिन इस घटना में एक साथ कई सुअरों की मौत से आशंका है कि जहर मिले पानी के सेवन से यह हादसा हुआ है, जिसमें जितने भी वन्य प्राणी पानी पीने पहुंचे, सभी उसकी चपेट में आ गए होंगे।



पिथौरा वन एसडीओ डिंपी बैस के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला स्वयं पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं। उनके निर्देश पर वन अमले द्वारा प्रभावित क्षेत्र की सघन तलाशी ली जा रही है, मृत जंगली सुअरों की संख्या का आंकलन किया जा रहा है तथा संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा रहा है।

### 8 जंगली सुअरों के मृत शरीर बरामद

वन विभाग की प्रारंभिक जांच और मौके पर की गई तलाशी के दौरान अब तक 8 जंगली सुअरों के मृत शरीर बरामद किए जा चुके हैं, जबकि आशंका जताई जा रही है कि मृत वन्य प्राणियों की संख्या इससे अधिक भी हो सकती है। दफनाए गए शवों और आसपास के जंगल क्षेत्र को देखते हुए वन अमला पूरे इलाके में सघन सर्च अभियान चला रहा है, ताकि यदि अन्य मृत सुअर कहीं दबाए गए हों या झाड़ियों में पड़े हों, तो उन्हें भी बरामद किया जा सके। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि तलाश पूरी होने के बाद ही वास्तविक संख्या की पुष्टि की जा सकेगी।

## बेसबॉल चैंपियनशिप में भोरिंग विद्यालय के छात्र का हुआ था चयन

# बेसबॉल में भोरिंग के खोमन ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में किया गया

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन दिनांक 30 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर खोमन निषाद पिता बंशी लाल निषाद का चयन किया गया जो शासकीय उमावि भोरिंग में कक्षा 12वी कॉमर्स में अध्ययनरत है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक टीम ने असम, पंजाब, दिल्ली एवं मध्य प्रदेश से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच दिल्ली के साथ हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ ने दिल्ली से हारकर उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया।



डॉ. सुनील कुमार भोई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में पदस्थ व्यायाम शिक्षक के मार्गदर्शन एवं खेल का नियमित अभ्यास करने से खोमन आज राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक जीतने में कामयाब हुए। जिसके लिए विद्यालय परिवार एवं संघ व परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। बेसबॉल चैंपियनशिप में जिले के खोमन निषाद के रजत पदक जीतने पर महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, शाला विकास समिति अध्यक्ष पोखन ढीढी, ओसराम ढीढी, झाड़ू राम साहू, डॉ. तुलसी राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि जनकु राम साहू, प्रियंका लवेश ढीढी, प्राचार्य कमलेश्वरी साहू, जीवनलाल साहू, पुष्पा साहू, भुवनेश्वरी शुक्ला, दीप्ति वर्मा, तनु देशपांडे, स्मिता दास, रामनारायण साहू, संतोष यादव, यूआर साहू, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, आनंद टंडन, तेथिस चेलक, सतीश साहू, सावित्री साहू, गायत्री तरुण साहू, जगदीश धीवर, जिला संघ के खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## यूजीसी समता नियमों के समर्थन एवं विवि के रिक्त के पदों की भर्ती करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया सर्व समाज (एससी-एसटी ओबीसी) महासंघ के बैनर में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री व चेयरमैन यूजीसी के नाम से कलेक्टर को यूजीसी के नये नियमों के समर्थन एवं विश्वविद्यालयों में खाली पड़े एससी एसटी के पदों को भरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि हम अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोग भारतीय संविधान में निहित समानता, सामाजिक न्याय एवं शिक्षा के अधिकार की मूल भावना के अनुरूप, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित नये नियमों (समता विनियमों) का पूर्ण समर्थन करते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 21 (क) के अंतर्गत प्रदत अधिकारों की भावना को सुदृढ्ढ करते हुए, नये नियम उच्च शिक्षा को अधिक समावेशी, पारदर्शी एवं गुणवतापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी कदम हैं। इन नियमों से वंचित एवं पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे तथा शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। उक्त नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्दे श्यों के अनुरूप हैं तथा भारत को संविधान प्रदत्त सामाजिक समानता एवं ज्ञान आधारित समाज की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। चूंकि आजादी के 78 वर्ष बाद भी विश्वविद्यालयो में जातिगत भेद भाव की घटनाएं कम होने की बजाए बढ़ रही है। यूजीसी संसदीय समिति और सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत आंकड़ों के मुताबिक देश भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति आधारित भेद-भाव की शिकायतों में 118% की वृद्धि हुई है।जिसको रोकने में यह नये नियम प्रभावकारी होगा। बल्कि केंद्र सरकार और यूजीसी महाधिवक्ता के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष जातिगत भेद-भाव की डाटा को पूरे तथ्यों के साथ मजबूती रखवाने कृपया करें जिससे इस नियम पर लगें रोक को हटाया जा सके। देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ही प्रोफेसर, ऐसोसिएट प्रोफेसर, अधिकारी कर्मचारियों के अनुसूचित जाति वर्ग के 64% अनुसूचित जनजाति के 83% अन्य पिछड़ा वर्ग 80% पद रिक्त पड़े हुए हैं।वहीं सामान्य वर्ग के 80% पद भरे हुए हैं जिन पर केवल सर्वण वर्ग काबिज है। जबकि एससी-एसटी ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नाट फाऊंड सुटेबल बताकर बाहर कर दिया जाता है। जिसके कारण देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में असमानता पैदा हो रही है। विश्वविद्यालयों में सामाजिक समानता लाने सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एससी एसटी ओबीसी वर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियमों में शिथिलता प्रदान कर भरें जाने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### कालेज में वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 6 से

**कुरुद।** कुरूद महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। परीक्षाएं 6 से 18 फरवरी तक होंगी। 6 फरवरी को केमेस्ट्री द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रातः 8 बजे, 17 फरवरी को जुलाजी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रातः 9 बजे तथा 18 फरवरी को फिजिक्स एवं बॉटनी की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगी।

### भूगोल की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 को

**कुरुद।** कुरूद कालेज में भूगोल विभाग द्वारा बीए और बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 18 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे होगी। इसमें बीए, बीएससी द्वितीय वर्ष केवल गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व छात्र, बीए बीएससी तृतीय वर्ष के नियमित, गैर-महाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व सभी छात्र शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रायोगिक रिकॉर्ड पर भूगोल विभाग के प्राध्यापकों से 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करवा लें। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व अपनी प्रायोगिक फाइल और लेखन सामग्री के साथ विभाग में उपस्थित होना होगा।

### पीएम अजय के लिए शिविर 10 से 25 तक

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण राशि 1 लाख रूपये, जिसमें अनुदान राशि 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित ने बताया कि योजना में विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष तक की आयु के आवेदकों का आवेदन पत्र तैयार करने 10 से 25 फरवरी तक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में शिविर आयोजित किया जाएगा। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दूधवारा में 10 फरवरी, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोड़ापार में 13 फरवरी, धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 18 फरवरी और कुरूद विकासखण्ड के रावनगुड़ा में 25 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह सभी शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

### आज से सिर्री में मानस सम्मेलन

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छग राज्य स्तरीय संगीतमय मानस सम्मेलन एवं यज्ञ का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक रखा गया है जिसमें छग की विभिन्न ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

### विद्युत विभाग का रजत महोत्सव आज

**कुरुद।** विद्युत विभाग की ओर से रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छग शासन के ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जानकारी प्रदन की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे।

## निधन

### गीता साहू

**सिर्री।** ग्राम बकली निवासी गीता साहू उम्र 73 वर्ष का निधन 2 फरवरी को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे राधेश्याम साहू की बहन थी। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

---

राज्य के 100 सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को तलाशने की मुहिम तेज

# पूरे छत्तीसगढ़ के चुनिंदा सौ शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

- एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षक सम्मान चयन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) सह नवजतन कार्यक्रम के तहत वारियर्स शिक्षकों के चयन के लिए धमतरी जिले के चारों विकासखंडों के विद्यालयों में आकलन की प्रक्रिया शुरू की गई है। पूरे प्रदेश भर में सितम्बर माह में 1193 शिक्षकों ने उक्त सम्मान के लिए अपना पंजीयन किये थे जिनमें से धमतरी जिले से बढ़चढ़कर 96 शिक्षकों ने वॉरियर्स सम्मान कार्यक्रम में अपना पंजीयन करवाये हैं। पंजीकृत शिक्षकों द्वारा साल भर अपने विद्यालय में किए गए कार्यों का अवलोकन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन तरीके से किया जा रहा है।

अवलोकन तीन चरण पर आधारित है। प्रथम चरण में शिक्षकों के कार्यों का मूल्यांकन उनके विद्यालय के बच्चों के शैक्षिक स्तर पर है। दूसरा चरण शिक्षक द्वारा अपने विद्यालय में साल भर किए गए कक्षागत कार्य एवं विभिन्न रचनात्मक कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन एवं तीसरे चरण में राज्यस्तरीय टीम द्वारा साक्षात्कार लिया जाना है। त्रिस्तरीय मूल्यांकन के आधार पर पूरे प्रदेश स्तर पर 100 शिक्षकों को वारियर्स शिक्षक सम्मान के लिए शार्ट लिस्ट की जाएगी। सुनील मिश्रा एवं शिक्षकों की स्वप्रेरित पहल से राज्य स्तर पर यह शैक्षणिक चुनौती दी गई है। शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में फोर ब्लॉक मॉडल एवं नवजतन के बिंदुओं पर कार्य करते हुए बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार का प्रयास किया। शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों के आकलन के लिए पूरे जिले में 3 सदस्यीय 4 टीमों का निर्माण किया गया है जो पंजीकृत शिक्षकों के कार्यों का अवलोकन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन तरीके से कर रहे है। जिले के धमतरी ब्लॉक से 45, नगरी 17, मगरलोड 23 और कुरूद से 11 शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय, एफएलएन प्रभारी श्रीमती संगीता रणघाटी एवं प्रशिक्षण प्रभारी कैलाश सोन के निर्देशन में पूरे जिले में 5 फरवरी तक अवलोकन कार्य किया जाना है। त्रिस्तरीय परीक्षण के पश्चात चयनित शिक्षकों को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

धमतरी जिले में अवलोकन कार्य में श्रीमती अनसुईया सिन्हा, लालाराम साहू, दीपेंद्र साहू, गोविंदराम निषाद, रमेश यादव, छगन विश्वकर्मा, जितेंद्र पाल, डिगेश कश्यप, दीक्षा सूर्यवंशी, वेदिका ध्रुव, माहेश्वरी सिन्हा, उर्मिला नेताम, शशिकला जाधव जुटे हुए हैं।

# बैडमिंटन में प्रियंका तो शतरंज प्रतियोगिता में हेमा रही अव्वल



- कुरूद महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. ए.के.मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को खेल के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उनसे होने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

प्रथम दिवस 2 फरवरी को बैडमिंटन, शतरंज एवं कबड्डी का आयोजन महिला एवं पुरूष वर्ग के लिए किया गया। बैडमिंटन में महिला वर्ग में प्रियंका प्रथम एवं द्वितीय दीपिका साहू रही। पुरूष वर्ग में प्रांजल सिन्हा प्रथम एवं ओमनारायण यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज महिला वर्ग में हेमा चन्द्राकर प्रथम एवं हेमा सिन्हा द्वितीय रही। शतरंत पुरूष वर्ग में लोकेश्वर ने प्रथम एवं तेजपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में महिला वर्ग में रेणुका छांटा, रेणुका गायकवाड़, हिना, यामिनी, मीनाक्षी, प्रियंका एवं कल्पना साहू ने प्रथम व ललिता, हेमा, टामिन, कृतिका, मानिका, भोजकुमारी, डेविका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी पुरूष वर्ग में देवेन्द्र, कुलद्वीप, उमाकांत, तिजेन्द्र, सोमेश, ऋषभ, लेखराम प्रथम व पुरूषार्थ, हेमप्रकाश, मोहेन्द्र, राकेश, हितेन्द्र, पुष्कर एवं तुषार द्वितीय रहे।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी समेत अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षक के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीजे डांस स्पर्धा में 40 टीम के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

- कर्राघाटी में माघी पुन्नी मेला मड़ई पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम कर्राघाटी में माघी पुन्नी मेला मड़ई के अवसर पर कला और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। युवा समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आई 40 टीम के कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम व विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच राजेश कोर्राम, धनेश कुंजाम, अश्वन कुंजाम थे। प्रमोद कुंजाम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नृत्य कला को निखारने के लिए डीजे डांस प्रतियोगिता एक सर्वोत्तम मंच है। जब कलाकार सामूहिक, एकल या युगल नृत्य के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देते हैं, तो दर्शक दीर्घा से गूंजने वाली तालियों की गड़गड़ाहट ही उनका सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। हमारे क्षेत्र के युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है, बस उन्हें सही मंच की तलाश रहती है।

एकल डांस में प्रथम नंदनी नेताम दुगली, द्वितीय जान्हवी बलौदाबाज़ार, तृतीय संगीता कांकेर, युगल डांस में दिनेश रवीना बालोद, द्वितीय त्रिवेणी संगम धमतरी, तृतीय राजनंदिनी कोंडागांव और सामूहिक डांस में प्रथम आरएन सम्हर बागबहारा, द्वितीय स्वरागिनी रतनपुर, तृतीय जय महामाया धमतरी, चतुर्थ नित्या डांस ग्रुप दुर्ग ने जीता। विजेता प्रतिभागियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लक्की यादव ने किया।

### गांव की उम्मीदों को बल देने वाला बजट : अनुराग

**जीजामगांव।** केंद्रीय बजट को लेकर जहां देशभर में चर्चा जारी हैं, वहीं कुरूद जनपद पंचायत के जनपद सदस्य अनुराग साहू ने इसे



गांव, किसान और गरीब वर्ग की उम्मीदों को मजबूत करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का प्रयास है। बजट में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल सुरक्षा और किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलेगी तथा खेती को लाभ का सौदा बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े प्रावधानों के साथ रोजगार सृजन पर भी जोर दिया गया है, जिससे गरीब और पिछड़ा वर्ग के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# रामायण प्रतियोगिता में कांकेर व राजनांदगांव की मंडली प्रथम

- जीजामगांव में रामायण प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया। आयोजक समिति ने बताया कि तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने भाग लिया।

महिला वर्ग में प्रथम जय मां अंबे गौरी मानस मंडली रेंगाकठेरा कांकेर, द्वितीय जय मां कर्मा महिला मानस मंडली फरसियां नगरी, तृतीय अदिति हर्षा बालिका मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद, चतुर्थ माधुरी महिला मानस मंडली नहरगांव गरियाबंद, पंचम जय मां चितावर महिला मानस मंडली सारागांव गरियाबंद, विशेष सम्मान व्याख्या में स्वाति महिला मानस मंडली रूआबांधा भिलाई, गायन में ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़ बेमेतरा, वादन में रेशमी महिला मानस मंडली बिरकोनी कोसमखुंटा महासमुंद विजयी रहे।

पुरूष वर्ग में प्रथम जय श्री राम मानस मंडली सोनपुरी खैरागढ़ राजनांदगांव, द्वितीय जय मां दुर्गा मानस एवं जगराता बासीन गरियाबंद, तृतीय पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, चतुर्थ स्वरांजलि मानस मंडली बीजा बैरागी कवर्धा, पंचम नव चेतन मानस परिवार भाठागांव कुरूद रहे। व्याख्या में श्रद्धा सुमन मानस परिवार बनबगौद नगरी, गायन में श्री राम मानस परिवार भलेसर महासमुंद, वादन में गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबाहरा ने बाजी मारी।

# बेस्ट लर्निंग तकनीक पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में बेस्ट लर्निंग टेक्निक अंतर्गत शिक्षण संबंधी प्रकारों सीखने के तरीकों से संबंधित कार्यशाला योगेन्द्र साहू द्वारा आयोजित की गई जो कई वर्षों से पढ़ने के तरीकों पर शोध कर रहे है। विद्यार्थी किस- किस तरीकों से अध्ययन कर सकते हैं, जिनसे पढ़ाई संबंधित विषयवस्तु को लंबे समय तक याद रख सकें तथा पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़े। विद्यार्थी इस तकनीक का उपयोग अपने अध्ययन के साथ–साथ जीवन में कर सकें।

मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश देवांगन, डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो. कौशल नायक, डॉ. कविता, आो. लालमन बेरवंश, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, डॉ.वे णु साहू, प्रमोद चौरे, प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला, डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए।

# करैहा हाईस्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

- सरपंच ने कलेक्टर से नए शौचालय व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करैहा के शासकीय हाईस्कूल में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर सरपंच एवं ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में दो अलग-अलग मांग पत्र प्रस्तुत कर स्कूल की आधारभूत सुविधाओं के शीघ्र सुधार की मांग की है।

पंचायत द्वारा सौंपे गए पहले आवेदन में बताया गया कि स्कूल परिसर में स्थित बालक एवं बालिका शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और वर्तमान में उपयोग के लायक नहीं हैं। इसके कारण विद्यार्थियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत ने स्कूल में नवीन एवं सुरक्षित शौचालय निर्माण के लिए तत्काल राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

दूसरे आवेदन में स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई है। पंचायत ने बताया कि बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण स्कूल के संसाधन, शौचालय भवन एवं परिसर में लगाए गए पौधे असुरक्षित हैं और अक्सर नुकसान की आशंका बनी रहती है। स्कूल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 800 मीटर लंबाई की बाउंड्री वाल (अहाता) निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

## करगा में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन

# सच्ची भक्ति से ही होगी ईश्वर की प्राप्ति : पं. कुमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





ग्राम करगा में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक किया गया है। कथा वाचक पं. कुमेश शर्मा ने 4 फरवरी बुधवार को ध्रुव चरित्र की कथा बताते हुए कहा कि ध्रुव चरित्र महाराज उत्तानपाद और माता सुनीति के 5 वर्षीय पुत्र ध्रुव की अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प की पौराणिक कथा है। सौतेली मां सुरुचि के दुर्व्यवहार से दुखी होकर ध्रुव ने भगवान विष्णु को पाने के लिए नारद मुनि के मार्गदर्शन में मधुवन में कठोर तपस्या की। विष्णुजी ने प्रसन्न होकर उन्हें अमरत्व का वरदान देकर आकाश में ध्रुव तारे (ध्रुव तारा) के रूप में अटल स्थान दिया। आगे कहा कि ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठना चाहते थे, लेकिन सौतेली मां सुरुचि ने उन्हें मेरा पुत्र न होने के कारण अपमानित किया। माता सुनीति की सलाह पर ध्रुव ने भगवान विष्णु को पाने की प्रतिज्ञा की। तभी वन में नारद जी ने ध्रुव को ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र की दीक्षा दी और विष्णु की तपस्या करने को कहा।

कठोर तपस्या 5 वर्ष की अल्पायु में ध्रुव ने छह महीने तक एक पैर पर खड़े होकर निराहार तपस्या की। ध्रुव की निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और आशीर्वाद दिया। भगवान ने ध्रुव को न केवल पृथ्वी पर लंबे समय तक शासन करने का आशीर्वाद दिया, बल्कि मृत्यु के बाद उन्हें ध्रुव तारे के रूप में, जो अपनी जगह से कभी नहीं हिलता (अटल), सबसे ऊंचा स्थान प्रदान किया। यह कथा सिखाती है कि दृढ़ निश्चय और सच्ची भक्ति से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। कथा सुनने राधे चरण साहू, प्रेमबती साहू, भूपति साहू, हेमलता साहू, गोविन्द साहू, गोमती साहू, संतोष साहू, मनभौतिन साहू, टेकराम, इंदलराम, चोपेश्वर, गुलाब, खुबचंद, बिरेन्द्र, भीमेश्वर, तिलक, फनेश, गिरवर, तुलसी राम, रूपेश, हिमांशी, रेणुका, दुर्गेश सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

# कमलेश भाजपा सोशल मीडिया छग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

भाजपा संगठन ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में सक्रिय, अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता कमलेश चंद्राकर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।




उन्हें भाजपा सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके संगठनात्मक कौशल, डिजिटल माध्यमों में प्रभावी कार्यशैली और पार्टी के प्रति निष्ठा का प्रमाण मानी जा रही है।

गौरतलब है कि कमलेश इससे पूर्व भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक धमतरी के रूप में दो सफल कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनहितकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। अपनी नियुक्ति परश्री चंद्राकर ने पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, दीपक महेस्के, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी सहित पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उनकी इस उपलब्धि पर ज्योति भानु चंद्राकर, चेतन हिंदूजा, राजीव सिन्हा, महेश केला, गणेश साहू, दीपक चंद्राकर, कमल शर्मा सहित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।




## खबर संक्षेप



### सिरपुर में 11 दिवसीय रुद्रात्मक यज्ञ आज से

**महासमुंद।** सिरपुर स्थित यज्ञशाला में महाशिवरात्रि के अवसर पर 11 दिवसीय श्रीअति रुद्रात्मक महायज्ञ का आयोजन 5 फरवरी से 15 फरवरी तक किया गया है, यज्ञाचार्य पं. बलदेव प्रसाद शास्त्री होंगे। उक्त जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के अध्यक्ष थनवार यादव ने बताया कि लगातार 68वें वर्ष यह यज्ञ होने जा रहा है। 5 फरवरी को प्रायश्चित प्रयोग, दसविधि स्नान, जलयात्रा, पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश से यज्ञ प्रारंभ होगा। प्रतिदिन सुबह 8 से 12 व दोपहर 2.30 से शाम 5:15 बजे तक यज्ञ विधान किया जाएगा। शाम 5:30 बजे महारुद्र भगवान की आरती की जाएगी। 15 फरवरी महाशिवरात्रि को यज्ञ पूर्णाहुति होगी।

**संगठन : छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशिएशन ने लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग उठाई**

# पूर्व सेवा अवधि की गणना किए जाने की मांग को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय निर्देश पर जिला अध्यक्ष नारायण चौधरी के नेतृत्व में पूर्व सेवा अवधि की गणना की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के नाम का ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा को ज्ञापन सौंपते हुए एसोसिएशन ने कहा कि उच्च न्यायालय बिलासपुर ने पेंशन संबंधी याचिकाओं पर दिनांक 23/01/2026 को निर्णय सुनाते हुए शासन को निर्देशित किया है कि पेंशन संबंधी प्रकरण में पुनर्विचार कर स्पष्ट आदेश जारी किया जाए। कोर्ट ने कहा कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक डिफर्ड कंपेन्सेशन है, अर्थात संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता, संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने हेतु आदेश जारी किया जाए।

अपने ज्ञापन में पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50% पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जाए। न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान है इससे एलबी संवर्ग के अनेकों शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत हो रहे हैं अतः न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जाए।



30000 सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित हैं पदोन्नति हेतु दिए गए वन टाइम रिलैक्सेशन की तरह क्रमोन्नति के लिए 10 वर्ष की सेवा को एक बार वन टाइम रिलैक्सेशन के लिए शिथिल करते हुए 5 वर्ष में क्रमोन्नति का लाभ देने प्रावधान किया जाए।

छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तों के नियम 17 अगस्त 2022 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त किया जाए, साथ ही सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 को पारित निर्णय में हस्तक्षेप पुनर्विचार याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय परीक्षा आयोजित कर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा किया जाए। सहायक शिक्षक, शिक्षक जो केवल डीएड या समकक्ष योग्यता रखते हैं उन सभी के लिए एनसीटीई के नियम अनुसार कोर्स निर्धारण कर 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारंभ किया जाए। स्कूलों में मोबाइल वीएसके ऐप से ऑनलाइन अटेंडेंस के स्थान पर स्कूलों में बायोमेट्रिक पंच मशीन से उपस्थिति लिया जाए। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से उक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लिए जाने का निवेदन किया है। इस दौरान प्रांतीय महासचिव शोभा सिंह देव, संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशव राम साहू, जिला संयोजक लालजी साहू, जिला सचिव नंदकुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद राजेश साहू, बागबाहरा विनोद यादव, बसना गजेंद्र नायक, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, जगदीश सिन्हा, तुलेंद्र सागर, केवलराम साहू, मनीष अवसरिया, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, विकास साहू, खोशिल गेंद्रे की विशिष्ट उपस्थिति में किरण कन्नौजे, उत्तम साहू, सविता साहू, विशीकेशन प्रधान, सूरज चंद्राकर, भावना पांडव, मंजू वर्मा, पूर्णिमा मानिकपुरी, ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में एलबी संवर्ग के शिक्षक सम्मिलित हुए। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल के गठन का 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ राज्य विद्युत रजत जयंती महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। इसी क्रम में यह आयोजन शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज महासमुंद में भी किया गया।

उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद हरबंश सिंग ढिल्लो उर्फ नानू भाई महासमुंद, प्रदेश मंत्री भाजपा अरविंद प्रहरे, समाज सेवक धर्मेंद्र महोबिया, भाजपा नेता शरद मराठा व नईम खान, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्या चंद्रिका विश्वकर्मा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वायके मनहर एवं कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा उपस्थित रहे।



आयोजन के दौरान पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, साथ ही छात्र-छात्राओं के मध्य चार विधाओं भाषण, निबंध, लेखन एवं पोस्टर निर्माण क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

उत्कृष्टता के आधार पर प्रत्येक विधाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। शेष छात्र-छात्राओं को भी उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान टेलीविजन के माध्यम से विद्युत विकास का सफरनामा वीडियो दिखाया गया। इस दौरान रजत जयंती महोत्सव के आयोजन को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल ने सभी को छत्तीसगढ राज्य रजत जयंती महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि विभाग की अथक परिश्रम, प्रयास, मेहनत का परिणाम है कि आज पूरे प्रदेश में 24 घंटा विद्युत विभाग के विभिन्न सेवाओं से लोग लाभान्वित हो रहे है। यह एक ऐसा विभाग है जो सरकार के कार्य दिन रात करने में लगे रहते है, क्योकि इन्हे प्रदेश के उपभोक्ताओं की प्रकाशमय जीवन की चिंता रहती है।

संचालन में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा, पॉलिटेक्नीक कॉलेज के व्याख्याता एवं बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लक्ष्मीकांत कराल एवं व्याख्याता नीलकमल साहू के द्वारा किया गया। विद्युत विभाग से अनुभाग अधिकारी राजेश देवांगन द्वारा छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं व कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। अंत में अभार व्यक्त अधीक्षण अभियंता वायके मनहर द्वारा किया गया।

# प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला में आस्था के साथ खिलवाड़

## भागवत कथा को बंद कराने का आदेश, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आस्था, परंपरा और श्रद्धा का केंद्र प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला में इन दिनों हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस वर्ष भी 5 फरवरी गुरुवार से आयोजित होने वाली श्रीमद भागवत कथा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि पिथौरा एसडीएम द्वारा भागवत कथा को बंद कराने का आदेश दिया गया है, जिससे ग्रामीण भक्तों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तरेकेला स्थित कबीर कुटी में वर्षों से धार्मिक परंपरा के तहत भागवत कथा का आयोजन होता आ रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीणों की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी केंद्र रहा है। ऐसे में अचानक कथा आयोजन पर रोक लगाए जाने को ग्रामीण आस्था के साथ सीधा खिलवाड़ मान रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस भूमि पर कबीर आश्रम स्थित है, वह दाऊ परिवार द्वारा वर्षों पूर्व दान में दी गई थी। अब उसी दान की भूमि को निजी जमीन बताकर कथा आयोजन पर रोक लगाई जा रही है। इस निर्णय के बाद तरेकेला आश्रम से जुड़े सैकड़ों ग्रामीण भक्तों में रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को मामले की निष्पक्ष जांच कर ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए। वहीं, भक्तों ने चेतावनी दी है कि यदि भागवत कथा



ग्रामीण भक्तों का यह भी कहना है कि गोपाल दास द्वारा कथित रूप से गलत तरीके से उस दान की जमीन को अपने नाम करा लिया गया, जिससे पूरा विवाद खड़ा हुआ है। पर लगी रोक नहीं हटाई गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। फिलहाल पूरा मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बागबाहरा की बैठक ग्राम चरौदा स्थित डॉ. बैयारी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील शाखा बागबाहरा के अध्यक्ष थानसिंह ठाकुर ने की। बैठक में अध्यक्ष ठाकुर द्वारा वार्षिक सम्मेलन के आयोजन को लेकर प्रस्ताव रखा गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्राम खल्लारी (री) में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया। यह सम्मेलन दिनांक 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान तहसील शाखा के रिक्त पदों पर मनोनयन, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों एवं नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक सहयोग एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी तथा प्रांतीय महामंत्री एवं प्रवक्ता रूपेश तिवारी से भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से थानसिंह ठाकुर, डॉ. बैयारी, चंद्रभान, चंद्रभान कश्यप, चमन साहू, राधेश्याम बागर्ती एवं झाड़ूराम दीवान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### छुरा की टीम ने जीती फुटबाल स्पर्धा

**महासमुंद।** बावनकेरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की फाइनल मुकाबला एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। इससे न केवल खेल प्रतिभा निखरती है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। जीत-हार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना है। उन्होंने कहा कि खेलकूद से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला छुरा और छिंदौली के बीच खेला गया जिसमें छुरा की टीम विजयी रही। प्रथम पुरस्कार विजेता टीम छुरा जबकि उप विजेता छिंदौली की टीम रही। उक्त अवसर पर अमर चंद्राकर, खिलावन साहू, गोपाल ध्रुव (सरपंच), तुलसी यादव, लता ध्रुव समीम खान, इस्माइल खान, आविद खान, सागर चंद्राकर, पारस सेन, दौलत, दुमेश्वर सिंग, रामेश्वर साहू मंचासिन रहे। ग्रामवासी सहित खिलाड़ी गण मौजूद रहे।



# खट्टीडीह प्राथमिक शाला में चिरायु दल ने बच्चों के स्वास्थ्य को दी नई संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला खट्टीडीह में 04 फरवरी को चिरायु दल के सहयोग से स्कूली बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिरायु दल की चिकित्सकीय टीम में डॉ. रूही नाज़, डॉ. ओंकार गुप्ता, योगेश्वरी ध्रुव एवं मीना पटेल उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधान पाठक गोपाल साहू ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण बच्चों के समग्र विकास एवं समय पर रोग पहचान के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।



शिविर के दौरान बच्चों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी भी दी गई। शिविर के दौरान 28 विद्यार्थियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आंख, कान, नाक, गला एवं दंत परीक्षण किया गया तथा उन्हें पोषण संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ. रूही नाज़, डॉ. ओंकार गुप्ता, योगेश्वरी ध्रुव एवं मीना पटेल शामिल रहीं। जांच के दौरान जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें आगे उपचार हेतु संबंधित स्वास्थ्य केंद्र में संदर्भित किया गया।

# धान खरीदी को लेकर सांसद की मुख्यमंत्री से अहम चर्चा, किसानों को राहत का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मुख्यमंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान विशेष रूप से उन किसानों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, जिनके टोकन कट चुके हैं, पंजीयन एवं धान का सत्यापन पूर्ण हो चुका है, इसके बावजूद अब तक धान खरीदी नहीं हो सकी है। सांसद ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने के बावजूद किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है और धान के खराब होने की आशंका भी बनी हुई है। सांसद ने मांग की कि जिन किसानों के दस्तावेज, पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनकी धान खरीदी में किसी भी प्रकार की देरी न की जाए तथा संबंधित विभागों को विशेष निर्देश जारी कर तत्काल खरीदी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने विषय की गंभीरता को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है । इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह गोल्डी, भाजपा महामंत्री द्वय थानसिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, महामंत्री माधव साव, देवेंद्र चंद्राकर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव एवं आनंद साहू द्वारा दी गई।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पाठकों को कैलेंडर वितरण किया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हरिभूमि अखबार के पाठकों को कैलेंडर वितरण किया गया। 45 घरों में संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने पाठकों के लिए नए वर्ष का कैलेंडर वितरित करते हुए बताया कि रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर, दिल्ली और रोहतक जैसे प्रमुख संस्करणों के पाठकों तक पहुंचाया गया है।

### कछारडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम कछारडीह में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच कांग्रेस जन पहुंचे। कांग्रेस जनों ने ग्रामीणों को भाजपा की मोदी सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्वक मनरेगा को खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों को बताया। वीबी जीरामजी योजना में पहले मनरेगा में 100 दिन की रोजगार की गारंटी थी। अब रोजगार मिलेगा या नहीं इसकी ही गारंटी नहीं है। पहले काम का अधिकार हर गरीब परिवार को मिलता था। लेकिन अब गांवों में कहा काम देना है और किस ग्राम को काम नहीं देना है सब केंद्र सरकार तय करेगी। पहले मनरेगा का पूरा पैसा केंद्र से आता था, अब 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य पर निर्भरता डाल दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संयोजक रमन सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर सहित सैकड़ों कांग्रेसी व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुविधा : विधायक द्वारिकाधीश यादव ने स्वीकृत किए पांच लाख रुपए

# कोमाखान में 5 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

- सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया

खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से ग्राम पंचायत कोमाखान को विकास की एक नई सौगात मिली है। विधायक मद से स्वीकृत 5 लाख रुपये की राशि से यहां 'सार्वजनिक सामुदायिक भवन' का निर्माण किया जाएगा। जिसका विधिवत भूमिपूजन पंचायत प्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की मौजूदगी में संपन्न हुआ।



विधायक मद से क्षेत्र को मिली सुविधा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा स्वीकृत इस राशि से बनने वाला यह भवन ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। विधायक की व्यस्तता के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनकी अनुशंसा पर स्वीकृत इस कार्य का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं कांग्रेस जनों ने किया पूजन भूमि पूजन का यह कार्यक्रम सरपंच जवा बाई कुमार ठाकुर की अध्यक्षता और उप-सरपंच हिरेंद्र उपाध्याय की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रदीप यादव, गोलू जैन, नरेंद्र जैन, वाजिद खान, समीर खान, शशांक, राहुल, कुमार ठाकुर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।

### पंचों की रही गौरवमयी उपस्थिति

इस अवसर पर पंचायत के सभी निर्वाचित पंचगण भी एकजुट नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंच उमा सोनी, दैवज्ञ चंद्राकर, मनोज चौधरी, ओंकार ठाकुर, नाजरा खान, ज्योति ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर सहित अन्य पंच मौजूद थे।

### विकास को मिलेगी गति

जिला कलेक्टर महासमुंद की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद अब इस कार्य को गति दी जा रही है। इस भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित स्थान प्राप्त होगा, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी।

# झलप में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम झलप के टिकरापारा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भगवान बजरंगबली व ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही प्रथम मैच के प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



सर्वप्रथम कबड्डी प्रतियोगिता स्थल पर युवाओं द्वारा साहू का भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ किया।

नपाध्यक्ष ने ग्रामीणों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता को जीवंत बनाए रखने में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की भूमिका सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं की एकता व उत्साह देखने को मिलता है। गांव के बुजुर्ग का आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही ऐसे आयोजन उत्साह पूर्ण सफल होते हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में गांव वालों के हर सुख दुख में साथ खड़े रहने की बात कही।

इस अवसर पर प्रमुख सरपंच राकेश साहू, अतुल गुप्ता, मैंडी साहू, गज्जू ध्रुव, बरियाम यादव, सोनू यादव, कमलेश पटेल, चार्ली पटेल, आर्यन सिन्हा, भागवत यादव, आशीष देवांगन, दुर्गेश यादव, टिकेश्वर पटेल, तोष कुमार यादव, नरेंद्र ध्रुव, चुन्नी लाल साहू, श्रवण चक्रधारी, भोला नंद, पूनम पटेल, मिलाप पटेल, टीकू यादव, संजू निषाद, दिग्गी ध्रुव, केशव पटेल, जितेंद्र ध्रुव, जगदेव ध्रुव, लिलेश ध्रुव, गोकुल ध्रुव, विकास देवांगन सहित बड़ी संख्या में कबड्डी खिलाड़ी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बसना में आज होगा जूनियर चैंबर इंटरनेशनल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

स्थानीय युवाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से 5 फरवरी को बसना में जूनियर चैंबर इंटरनेशनल की नई इकाई का शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन को लेकर युवाओं ने एक रणनीतिक बैठक आयोजित की, जिसमें संगठन की रूपरेखा और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए डायरेक्टर सुमित अग्रवाल ने जेसीआई की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह महज एक संस्था नहीं, बल्कि 18 से 40 वर्ष के युवाओं के लिए एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो उन्हें नेतृत्व कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है।

आगामी 5 फरवरी को होने वाले इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल युवाओं का उत्साहवर्धन करेंगी। संगठन के उद्देश्यों को साझा करते हुए कामेश बंजारा ने बताया कि जेसीआई युवाओं को एक ऐसा मंच देता है जहां वे विभिन्न संस्कृतियों के साथ जुड़कर आपसी समझ विकसित कर सकते हैं।

बैठक में सुमित अग्रवाल और कामेश बंजारा के साथ आकाश सिन्हा, विकास वाधवा, मोहित पटेल, सोनू छाबड़ा, शीत गुप्ता, नरेंद्र राज, भावेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, राकेश डडसेना, बसंत पटेल, निर्मल दास, आनंद मित्तल, हेमंत अग्रवाल, हरजिंदर सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, आशीष साहू, त्रिलोचन भोई, सोहन पटेल, संजय टायल और मुकेश दुबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी ओलंपियाड में प्रतिभा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड की परीक्षा प्रतिभा पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगी परीक्षा में विद्यालय के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों ने कक्षा स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर चयनित विद्यार्थियों को संस्था के द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण बना।



विद्यालय परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान इन मेधावी विद्यार्थियों को प्राचार्य नरहरि पटनायक के कर-कमलों से स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा द्वितीय से ओनीर अग्रवाल, कक्षा चतुर्थ से तनय अग्रवाल, कक्षा पंचम से आर्यन देवांगन, कक्षा सप्तम से अक्षिता अग्रवाल तथा कक्षा अष्टम से स्पर्श नायक शामिल हैं।

इन विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा ज्ञान, समझ एवं विश्लेषण क्षमता के आधार पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से विज्ञान शिक्षक एवं ओलंपियाड शाला समन्वयक नीलम पाणिग्रही के कुशल निर्देशन एवं अथक प्रयासों से विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षाओं में निरंतर भाग ले रहे हैं तथा जोनल, प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं।

# महासमुंद की जीवनदायिनी सितली नाला को पुनर्जीवित करने हेतु अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान ने पकड़ी रफ्तार



**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद एवं सहयोगी संस्था बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित अविरल सितली–निर्मल सितली अभियान वर्तमान में अपनी पूरी गति के साथ प्रगति पथ पर है। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही और सचिव मोहन साहू सहित सदस्यों ने इस पुनीत कार्य को शहर की गरिमा और भविष्य के जल संकट के निवारण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया है। नागरिकों से आग्रह किया है कि वे न केवल शारीरिक रूप से श्रमदान करें, बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान कर इस जन–हितैषी संकल्प को सिद्ध करने में अपनी महती भूमिका निभाएं।

## मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत, धान खरीदी की तिथि बढ़ने से किसानों को मिली बड़ी राहत : डॉ चोपड़ा



**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से उन किसानों को बड़ी राहत मिलेगी जो तकनीकी या अन्य कारणों से अपना धान अब तक नहीं बेच पाए थे। बता दें कि हाल ही में सिरपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री के साथ डॉ चोपड़ा ने चर्चा के दौरान धान खरीदी की तिथि बढ़ाने का विषय प्रमुखता से उठाया था। जिसपर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए धान खरीदी हेतु दो दिनों की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय दर्शाता है कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। डॉ. चोपड़ा ने प्रशासन और सहकारी समितियों को सचेत करते हुए कहा कि बढ़ी हुई अवधि के दौरान सोसायटियों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इस छूट का पूरा लाभ वास्तविक किसानों को ही मिलना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी किसानों, मजदूरों और गरीबों की समस्याओं को उचित मंच और माध्यम से सरकार के समक्ष रखते रहेंगे। हमारा लक्ष्य हर गरीब और किसान की समस्या को सरकार के समक्ष रखना है और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए हम सदैव तत्पर हैं।

# रजत जयंती समारोह में छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित पिथौरा के कार्यपालन अभियंता बी दीवान के मार्गदर्शन में पीएम स्वामी आत्मानंद रणजीत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 03 फरवरी को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 का आयोजन हुआ।



इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन एवं चित्रकला चार विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता एवं बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को भी उनके सराहनीय योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। रजत महोत्सव के अवसर पर सहायक अभियंता पिथौरा गजभिए द्वारा विद्यार्थियों को सीएसपीडीसीएल के 25 वर्षों की उपलब्धियों, प्रगति एवं विकास यात्रा से अवगत कराया गया, जिसे बच्चों ने विशेष रुचि के साथ सुना। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, शिक्षकगण एमके भोई, आरके होता, एस चंद्राकर (व्याख्याता) सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कार्यपालन अभियंता बी. दीवान द्वारा सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय पटेल कार्यालयीन स्टाफ द्वारा किया गया।

### वेडनर स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ आशीर्वाद समारोह

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह.फादर जार्ज कवालम एवं शाला के प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आशीर्वचन देते हुए कहा कि स्कूल बच्चों को जीवन के मूल सिद्धांत प्रदान करता है प्राचार्य ने भी अपने आशीष वचनों में कहा कि जीवन एक चुनौती है उस चुनौती का सामना करके ही आगे बढ़ सकते है, सुख-दुख दोनों परिस्थितियों में सामान्य रहकर आगे बढ़ना है। चुनौती जीवन की सफलता का मूलमंत्र है। वरिष्ठ शिक्षिका मिताली जैन एवं प्रदीप्ति चांडक ने भी जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने की कामना करते हुए हमेशा आगे रहने की बात कही।इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह नृत्य एवं कविता की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शिक्षिका प्रवीणा यादव के द्वारा प्रस्तुत की गई प्रेरणादायक कविता ने बच्चों का स्कूल में बीता हुआ पल, शिक्षकों के साथ भावनात्मक संबंध एवं मार्मिक भावों को मुखरित कर दिए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्नेहिल उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनप्रीत कौर, प्रज्ञा अग्रवाल, श्रेया शुक्ला एवं सिद्ध दीवान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान था।

# नपा उपाध्यक्ष राठी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में विभिन्न वार्डों के नागरिक पालिका से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नागरिकों की बातें गंभीरता से सुनीं और समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु संबंधित विभागों के प्रभारियों को मौके पर बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने बताया कि जनता की सबसे बड़ी परेशानी नल शुल्क एवं नल विच्छेद से संबंधित सामने आई। नागरिकों ने बताया कि नल कनेक्शन कटवाने का 500 रुपए जमा करने के बावजूद पालिका द्वारा पानी का बकाया राशि के नोटिस थमाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।



उपाध्यक्ष राठी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नल विच्छेदन शुल्क जमा होने के बाद भी पालिका द्वारा नल नहीं काटा गया है, तो इसकी जिम्मेदारी हितग्राही की नहीं बल्कि नगर पालिका की है। ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं को बकाया राशि का नोटिस देना गलत है।

# पढ़ाई के साथ खेलों में संतुलन आवश्यक : डॉ. अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड

शासकीय आदर्श महाविद्यालय अरंड (पिथौरा–लोहारकोट) में 29 एवं 30 जनवरी को प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का सशक्त मंच बना, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग एवं खेल भावना को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास भी है। खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहनशीलता, नेतृत्व क्षमता एवं समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी।



क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन एवं कबड्डी जैसी विविध खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सहभागिता ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीवर्ग एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गीतेश पटेल द्वारा दी गई।

# पटेवा संकुल स्तरीय वार्षिक खेलकूद का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत संकुल स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम रामसागरपारा भावा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तेजराम यादव, नंदलाल यादव, अमारु यादव एवं पंचगणों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। संकुल समन्वयक राजू देवांगन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक, माध्यमिक एवं निजी संस्थानों सहित कुल 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल गतिविधियों का सफल संचालन राजू देवांगन एवं मेमन चंद्राकर द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, चम्मच दौड़, बोरा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे दिन खेल मैदान में जोश, उमंग और ऊर्जा का माहौल बना रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच आशाबाई ठाकुर एवं संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ और मन मजबूत होता है, तथा ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में संकुल पटेवा के समस्त शिक्षकों के साथ-साथ गांव के युवा साथियों सुरेश निषाद, दिनेश यादव, रामशरण, महेश ध्रुव, वीरेंद्र ठाकुर, मेलाप निषाद, दिलीप यादव, ललित ध्रुव, राधा ध्रुव, खेमिन, ओमप्रकाश यादव, मोहन यादव, कमल यादव एवं उमाशंकर का सराहनीय योगदान रहा। समापन अवसर पर संकुल समन्वयक राजू देवांगन ने अतिथियों, शिक्षकों, ग्रामीणजनों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

